दैनिक आप अभीतक

Date: 03/12/2021

आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज में एलुमनाई लेक्चर का आयोजन

संवाददाता(आप अभी तक)

गाजियाबाद। आई.टी.एस.-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा के कुशल नेतृत्व मे संस्थान निरंतर शिक्षा व्याख्यान और प्रषिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करके छात्रों के नैदानिक ज्ञान को बढ़ाने का प्रयास करता रहता है। इसी क्रम में संस्थान द्वारा एक नई पहल की गयी है जिसमें कॉलेज के पूर्व छात्रों को व्याख्यान



श्रृंखला के माध्यम से दंत चिकित्सा और इससे संबन्धित क्षेत्रों में अपने कौशल और ज्ञान को साझा करने के लिये आमंत्रित किया गया है।

इसी को ध्यान में रखते हुए आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज, मुरादनगर में कॉलेज की पूर्व छात्रा डॉ. मेघा नागपाल द्वारा एक एलुमनाई लेक्चर प्रस्तुत किया गया। जिसका विषय डेंटिस्ट्री एंड बियोंड था। वर्तमान में डॉ. मेघा नागपाल मेलाकेयर एस्थेटिक क्लिनिक, नई दिल्ली में डायरेक्टर के रूप में कार्यरत है। डॉ. मेघा ने आई.टी.एस. डेन्टल कॉलेज के कंजर्वेटिव डेन्टिस्ट्री एंड एंडोडोन्टिक्स विभाग से अपना एम.डी.एस. पाठ्यक्रम की पढ़ाई पूरी की थी तथा डॉ. मेघा ने चौ. चरण सिंह विष्वविद्यालय, मेरठ में टॉप किया था। पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद, उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों से फेशियल एस्थेटिक्स में ज्ञान प्राप्त किया है।

लेक्चर के दौरान डॉ. मेघा ने दंत चिकित्सा के निरंतर विकसित क्षेत्र और फेशियल एस्थेटिक्स के बारे विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को बताया कि मौखिक स्वास्थ्य से परे जाकर, कई गुणवत्ता वाले दंत चिकित्सा अभ्यास चेहरे के सौंदर्यशास्त्र को एक ऐड-ऑन और मौखिक स्वास्थ्य और कॉस्मेटिक दंत चिकित्सा विकल्पों के विस्तार के रूप में पेश करते है और कैसे चेहरे का सौंदर्य विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त क्षेत्र बन गया है। इसके साथ ही युवा दिमाग पर विशेष ध्यान देने और नये इलाज वाले मामलों की एक श्रृंखला के साथ डॉ. मेघा ने हाल की प्रगति पर चर्चा की। इस लेक्चर में कॉलेज के 150 से अधिक बी.डी.एस. के छात्रों एवं इंटर्न्स ने भाग लिया। डॉ. मेघा ने सबसे जटिल विषयों को सरल बनाया जिससे सभी छात्रों को इस नई तकनीक को समझने मे कोई कठिनाई नही हुई, जहां प्रत्येक छात्र को इसकी उपयोगिता को सीखने का बेहतर तथा आसान अनुभव प्राप्त हुआ। इस लेक्चर का उद्देष्य सभी छात्रों का मार्गदर्षन तथा उनके अनुभव को बढ़ाना और उनमें सकारात्मक उर्जा प्रदान करना था।

डॉ. मेघा नागपाल ने बी.डी.एस. तथा इंटर्न्स के लिए इस जानकारीपूर्ण और ज्ञानवर्धक मंच के आयोजन के लिए आई.टी.एस.-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा, वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा, सेक्रेट्री, श्री बी.के. अरोड़ा एवं कॉलेज के डायरेक्ट-पी.जी. कोर्सेज, डॉ. श्रीनाथ ठाकुर एवं प्रधानाचार्य, डॉ. देवी चरण शेट्टी को धन्यवाद देते हुए लेक्चर का समापन किया। इस सफल एलुमनाई लेक्चर श्रृंखला के आयोजन के लिये सभी छात्रों ने आई.टी.एस.- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।